## एक नजर में

### राजीव गांधी के जन्मोत्सव पर सद्भावना दौड़ आज

**उज्जैन।** देव जनजागरण विकास समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न आधुनिक भारत के निर्माता स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सदभावना (रैली) दौड़ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक देवव्रत यादव ने बताया कि आज 20 अगस्त, बुधवार को शहीद पार्क, फ्रीगंज से प्रातः 9.30 बजे सदभावना (रैली) दौड़ प्रारंभ होगी। जो घंटाघर, ग्राण्ड होटल, चामुण्डा माता मन्दिर चौराहा, देवास गेट, मालीपुरा, दौलतगंज, फव्वारा चौक, नई सड़क, कांग्रेस कार्यालय के सामने से होते हुए कुश्ती एरिना, क्षीरसागर पर सद्भावना की शपथ व राष्ट्रगान के साथ समाप्त होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस वरिष्ठ नेता मनोहर बैरागी, विशिष्ट अतिथि तराना विधायक महेश परमार, विशेष अतिथि पूर्व सांसद सत्यनारायण पंवार, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश भाटी, रवि राय, अनन्तनारायण मीणा, आजाद यादव रहेंगे। रैली के अन्त में समिति अध्यक्ष अजीतसिंह ठाकुर सदभावना की शपथ दिलवाएंगे तथा राष्ट्रीय गान के साथ रैली का समापन होगा। रैली में मुख्य रूप से समस्त शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र–छात्राएं, एनसीसी स्काउट, खेलकूद एवं सामाजिक संस्था सम्मिलित होंगे। रैली को सफल बनाने की अपील अजय राठौर, कैलाश सोनी, ओम भारद्वाज, चन्दू यादव, अर्पित यादव, अंकित (राहुल) यादव, लालचन्द भारती, धीरेन्द्रसिंह कुशवाह, कृष्णा यादव आदि ने की है।

### विश्व शांति व सौहार्द विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता



**बड़नगर।** स्थानीय पी जी महाविद्यालय बड़नगर में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के द्वारा वसुधैव कुटुम्बकम अवधारणा पर 19 अगस्त को विश्व शांति व सौहार्द विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का अयोजन नोड्ल अधिकारी प्रो. कविता मांडरे के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. शाहीन खान, डॉ. अर्चना शर्मा, उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने प्रतियोगता के माध्यम से विश्व शांति का संदेश दिया व अपने विचार साझा किए। प्राचार्य प्रो. लक्ष्मण चेलाणी द्वारा विद्यार्थियों को वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा पर उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर प्रकोष्ठ सदस्यों, विद्यार्थियों व स्टॉफ उपस्थित रहा।

### भागवत कथा में सुनाया भक्त प्रहलाद का चरित्र

**बड़नगर।** श्री गुजराती रामी माली समाज मंदिर में चल रही सात



दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पं. कपिल पंड्या दोतरडी के मुखरविंद से भक्त प्रहलाद का चरित्र सुनाया। आपने ने बताया राक्षस राज हिरण्यकश्यप के भक्त प्रहलाद चार बेटों में सबसे छोटा पुत्र था तीन बेटे आज्ञाकारी थे बल्कि छोटा बालक प्रहलाद अपने पिता हिरण्यकश्यप की आज्ञा को नहीं मानता था। जिस पर हिरण्य कश्यप प्रहलाद को गुरु के पास लेकर गए। जहां गुरु ने अनेक प्रकार से उन्हें शिक्षा देने का प्रयास किया। लेकिन भगवत भक्ति में हमेशा लीन रहने वाले प्रहलाद के ऊपर गुरु की शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। शिक्षा का कोई प्रभाव नहीं पड़ा, भगवान श्री हरि विष्णु का पावन चरित्र का गुणगान करना ही वह अपने जीवन का लक्ष्य समझने लगा। हिरण कश्यप ने प्रहलाद को मारने के लिए गर्म खंबे के चिपकाया, समुद्र में डुबाया, पहाड़ से गिराया खुद अपनी बहन होलिका के साथ अग्नि में जलाने का भी प्रयास किया गया। लेकिन सफल नही हो सका। हर संकट मे भगवान भक्त की रक्षा करते रहे। अंत में हिरण्यकश्यप तलवार लेकर भक्त प्रहलाद को मारने को उद्यत हो गया पूछने लगा कहां है तेरा श्री हरि विष्णु कहां है। प्रहलाद ने कहा पिता श्री भगवान कण–कण में विद्यमान हैं।

### बाबा महाकाल की पालकी पर की पुष्पवर्षा, 51 किलो मोरधन की फरियाली खिचड़ी का किया वितरण




**उज्जैन।** हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ, असंगठित ई रिक्शा चालक परिचालक संघ संम्बद्व भारतीय मजदूर संघ द्वारा संयुक्त रूप से मंच लगाकर हजरत मोलना मौज दरगाह गेट के पास राम घाट मार्ग पर बाबा महाकाल की शाही सवारी पर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान 51 किलो मोरधन की फरियाली खिचड़ी का वितरण श्री मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर के बाहर किया गया। शाही सवारी आयोजन समिति अध्यक्ष कालूराम चौहान, मंत्री मंजू सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कार्तिकेय, संजय सिंह चौहान, ई रिक्शा संघ से अध्यक्ष विजय जैन, लक्ष्मी नारायण रजक, बरखा कटारिया, महेश सक्सेना, राजपाल सोलंकी, दीपक राठौड़, अर्जुन कहार, दिनेश बारोट, रूपेश सेन, जितेंद्र कहार, रुद्राक्ष चौहान, खुमान चौहान, कमलजी, कमरुद्दीन खान, अशोक गोमे, मुबारिक खान आदि सदस्यों ने अपनी सेवा दी।

### मप्र सहकारिता विभाग पेंशनर्स अधिकारी संघ के वार्षिक सम्मेलन में हुआ सम्मान

**संघ के 8 दिवंगत साथियों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित की**

**उज्जैन।** मप्र सहकारिता विभाग पेंशनर्स अधिकारी संघ की उज्जैन संभागीय शाखा का वार्षिक सम्मेलन के मुख्य अतिथि कुमार जोशी संयुक्त आयुक्त सेनि एवं विशिष्ट अतिथि आर एस गौर उपायुक्त सेनि थे। अध्यक्षता पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष आर एस सोनी ने की। संघ के वरिष्ठ सदस्य ओपी गुप्ता का 75 वर्ष पूर्ण करने पर



शॉल श्रीफल स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मान किया। विषय सूची अनुसार संघ के वित्तीय पत्रक एवं ऑडिट रिपोर्ट का वाचन गिरीश शर्मा ने किया। नवीन पेंशनर्स साथियों का सम्मान पं. नरेन्द्र कुमार व्यास, आर एस शर्मा, के सी मोदी, नारायण बहोरे, कमल ठाकुर आदि साथियों ने किया। अभिनंदन पत्र का वाचन एन के राय ने किया। कार्यपालन संघ के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, सचिव नरेंद्र मालवीय, सुरेन्द्र मालवीय, अशोक बोहरा, सी एस असोडिया, बी एस बख्तरिया, एस सी शर्मा, पुरुषोत्तम सोनी, विजया ठाकुर,एस एन मेहता सहित रतलाम, मंदसौर, नीमच, देवास, शाजापुर के कार्यपालिक साथी अनिल जैन, जगदीश जोनवाल, वी एस मालवीय, राजेश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सहकारी अधिकारी मौजूद रहे। संचालन प्रदीप बदनोरे ने किया। कृतज्ञता ज्ञापन आरएस सोनी ने व्यक्त किया।

## शाही सवारी में अश्लील इशारों को लेकर कांग्रेस विधायक व भाजपा के पूर्व विधायक समर्थकों में मारपीट

**महिदपुर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में सवारी धूमधाम से निकाली गयी। इस दौरान पूर्व व वर्तमान विधायक के समर्थक गलत इशारों को लेकर आमने सामने हो गए। जिसमें कार्यकर्ताओं में हल्की धक्का–मुक्की के साथ मारपीट हो गई। मंच से कुर्सियां तक फेंक दी गई।**





जानकारी के अनुसार सोमवार को नगर में श्री धूर्जटेश्वर महादेव की शाही सवारी निकल रही थी। गांधी मार्ग पर जगदीश व्यायामशाला के बाहर कांग्रेस विधायक दिनेश बोस का मंच बना था। सवारी में पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान के समर्थक जब मंच के सामने से निकल रहे थे, इस दौरान अभद्र इशारों को लेकर पूर्व व वर्तमान विधायक दोनों के समर्थकों में खींचतान होने लगी।

बात बढ़ने पर मारपीट व धक्का मुक्की होने लगी। वहीं विधायक बोस के मंच के ऊपर से कुर्सियां नीचे फेंकने लगे। ऐसे में कुछ कार्यकर्ताओं को समझाने व पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शांत हुआ।

इस संबंध में विधायक बोस ने बताया हम तो स्वागत मंच पर खड़े थे, पूर्व विधायक के समर्थक भद्दे कमेंट कर रहे थे, जिससे बात बिगड़ी। मामले में पुलिस को आवेदन दिया है। वहीं पूर्व विधायक चौहान से संपर्क करना चाहा पर उन्होंने मोबाइल अटेंड नहीं किया।

### इनका कहना है...

**इस संबंध में वर्तमान विधायक दिनेश जैन बोस ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कांग्रेस ने शाही सवारी के स्वागत के लिए मंच बनाया गया। उसी दौरान पूर्व विधायक और उनके समर्थक वहां से निकले और अश्लील इशारे करने लगे। उन्होंने इस प्रकार की भाषा का उपयोग किया कि वह बोली नहीं जा सकती है। मुझे बहुत शर्म महसूस हो रही है कि शाही सवारी में इस प्रकार की हरकत की जा सकती है।**

**–विधायक दिनेश जैन बोस महिदपुर विधानसभा**



## खराब फसल लेकर जनसुनवाई में पहुंचे आक्रोशित किसान...

**खाचरौद।** समीप गांव खुरमंडी व आस पास के क्षेत्रों से अनेक किसान आज प्रति मंगलवार होने वाली जनसुनवाई में आए व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नेहा साहू को उनके खेतों की सोयाबीन की फसल के अफलन और पीलेपन से हो रही परेशानी व फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। किसानों की आय का मुख्य स्रोत सोयाबीन फसल है। अफ़लन से उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर हो जाएगी। किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सोपकर जल्दी सर्वे कराने की मांग की। एस डी एम साहू ने निर्देश पर ग्राम सेवक व पटवारी ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। उक्त अवसर पर किसान नेता बलवंत सिंह गुर्जर सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

## माकड़ोन शिशु मंदिर को मिला 1 लाख 2 हजार का महादान

**माकड़ोन। ज्ञान चरित्र संस्कार की त्रिवेणी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माकडोन में 79 वां स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।**




अध्यक्षता कैलाश मालवीय ने की तथा सेवानिवृत शिक्षक गोपाल पुरोहित का मुख्य आतिथ्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज पूजन कर ध्वजारोहण से हुई। विद्यालय के शिशु, बाल, किशोर व कन्या भारती के भैया बहनों ने देशभक्ति सामाजिक समरसता तथा पर्यावरण संरक्षण पर सुंदर–सुंदर आकर्षक प्रस्तुतियां दी

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपाल पुरोहित ने कहा कि मैं शिशु मंदिर के आचार्य परिवार, समिति परिवार और यहां के संस्कार युक्त वातावरण से प्रभावित हूं और इसके कक्ष निर्माण कार्य में अपने माता–पिता स्व. दुर्गाबाई पुरोहित एवं स्व. देवीलाल पुरोहित की स्मृति में 51000 की राशि देने की घोषणा करता हूं।

वहीं कैलाश मालवीय ने अपने स्व . पिता उदयलाल मालवीय की स्मृति में 51000 रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर मोहनलाल सोनी, मोहनलाल देवड़ा, पवन राठौड़ , प्रकाश चंद्र जैन, वसीम शेख, मनोहर सिंह चौहान, डॉ. महेंद्र कुमार समाधिया ने नवीन कक्षों में बच्चों के लिए 7 पंखे दान में दिए।

संचालन अनुराधा पाटीदार और खुशी वर्मा ने किया। अतिथि परिचय समिति सचिव जयप्रकाश सरिया ने करवाया तथा स्वागत समिति परिवार ने किया।

इस अवसर पर हुकम सिंह पटेल, मंगल सिंह बढ़िया, प्रमोद बढ़िया आदि वरिष्ठ जन एवं मातृ शक्तियां उपस्थिति रही। जानकारी मीडिया प्रभारी आचार्य देवनारायण प्रजापति ने दी।



## श्री गुजराती रामी माली समाज शिक्षा समिति ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

### 18वें प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान

**उज्जैन।** श्री गुजराती रामी माली समाज, उज्जैन की शिक्षा समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह समाज धर्मशाला, मालीपुरा में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रवि सोलंकी थे। विशिष्ट अतिथियों में प्रेमनारायण परमार, दिनेश परमार, सत्यनारायण चौहान पार्षद, प्रेमलता ओमप्रकाश रामी पार्षद, समाज के पटेल जगदीश पटेल मौजूद रहे। अध्यक्षता समाज अध्यक्ष द्वारकाधीश चौहान ने की। अतिथियों का स्वागत शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश चौहान ने किया। परिचय, स्वागत भाषण अनिल बारोड़ ने दिया। कार्यक्रम में समाज के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रत्येक को 7000 की प्रोत्साहन राशि समाज के सहयोगकर्ताओं द्वारा भेंट की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा निरन्तर 18 वर्षों से प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम की प्रशंसा की ओर स्नेहपूर्ण में लिखित शुभ कामना संदेश भी भेजा। समारोह में समाज के कुल 85 छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं प्रोत्साहन का सशक्त माध्यम बना। समाजसेवी चिंतामन गेहलोत, पप्पू साइराम, प्रेमनारायण डोडिया, गोपाल बारोड, गोलू डोडिया, दिनेश परमार, पुरुषोत्तम विष्णु आदि अन्य का भी सम्मान मुकेश हारोड़े, मुकेश बारोड, कमल गोयल ने किया।

श्री गुजराती रामी माली समाज उज्जैन एवं शिक्षा समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम समाज के भावी निर्माण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुषों ने भाग लिया। संचालन पुरुषोत्तम विष्णु, विशाल चौहान, अनिल चौहान ने किया तथा आभार दिनेश परमार ने किया।

## दुर्गा वाहिनी ने महाकाल की राजसी सवारी में किया शौर्य दंड प्रदर्शन




**उज्जैन। विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी बहनों द्वारा उज्जैन महानगर में बाबा महाकाल की राजसी सवारी में शौर्य दंड का प्रदर्शन किया।**

दुर्गा वाहिनी बहनों द्वारा भव्य अखाड़ा उज्जैन जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार, विद्यार्थी प्रमुख अंजू रावल, मातृशक्ति विभाग संयोजिका लता चौहान के नेतृत्व में निकाला गया। दुर्गा वाहिनी बहनों ने पूरे जोश में और उत्साह से शहर के विभिन्न मार्गो से निकलते हुए अपना दंड प्रदर्शन किया। दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार ने बताया कि महाकाल राजाधिराज की राजसी सवारी में विगत चार साल से बहनें दंड प्रदर्शन कर रही हैं। इस वर्ष पांचवें वर्ष में प्रदर्शन के दौरान सवारी मार्ग पर बहनों का स्वागत भी किया गया।

दुर्गा वाहिनी बहनों ने प्रदर्शन के माध्यम से अद्भुत संदेश दिया, अपनी आत्मसुरक्षा खूद करें, नारी शक्ति है अपना धर्म बचायें, हिन्दू बहनें लव–जिहाद से बचें।

प्रदर्शन में जिला उज्जैन जिले के सभी प्रखंड की संयोजिका लीडर रही। अनुष्का चौरसिया, वैष्णवी शर्मा, चंदा माली, छाया निगम, राजनंदिनी, रचना चौहान, सुनीता पटीदार ने बहुत ही सुन्दर प्रदर्शन कराया। प्रियंका सिंह परमार ने बताया कि इस शुभ अवसर पर दुर्गा वाहिनी की राष्ट्रीय सह संयोजिका पिंकी पवार, मालवा प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, दुर्गा वाहिनी की प्रांत संयोजिका प्रांत ज्योती प्रिया दीदी रहें। मातृशक्ति सह संयोजिका रितु शर्मा, प्रांत उपाध्यक्ष महेश गोठी, जिला उपाध्यक्ष ब्रज गोठी, बजरंग दल के जिला मंत्री यशवंत ठाकुर सहित सभी बजरंग दल के पदाधिकारी भाई उपस्थित रहे।

**आक्रोश** , मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा, आरोपितों पर रासुका की मांग

## जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि से मारपीट मामले में गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन





**घट्टिया। गत 15 अगस्त शुक्रवार को जनपद पंचायत घट्टिया के जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पर हुए हमले व मारपीट को लेकर आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए गुर्जर समाजजनों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। जनपद पंचायत प्रांगण में गुर्जर समाज सहित सर्व समाज के हजारों लोगों ने एकत्रित होकर हाथो में तख्तियां लिए आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की।**

ज्ञात हो कि गत शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अपने घर जा रहे जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घट्टिया ईश्वरसिंह कराड़ा पर सामने से गाड़ी भिड़ाकर कुछ लोगों ने हमला करते हुए उनके साथ मारपीट की थी जिससे कराडा गंभीर रूप से घायल हो कर उज्जैन निजी हास्पिटल में उपचाररत है।

उक्त मामले को लेकर गुर्जर समाज के संत चरणसिंह पंडा मनासा के आव्हान पर गुर्जर समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश दिखाते हुए मंगलवार को आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। सभा का आयोजन कर गुर्जर समाज व सर्व समाज सहित क्षेत्र के अनेक नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि हमलावर भू–माफियाओं की गिरफ्तारी शीघ्र हो व प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रूप से चले कार्यवाही निष्पक्षता से हो। प्रदर्शन के दौरान अज्ञात आरोपितों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की मांग व आरोपितों का जुलूस निकालने व निष्पक्ष जांच करने, आरोपितों पर रासुका लगाने आदि मांगों को लेकर एसडीएम राजाराम करजरे एसडीओपी भविष्य भास्कर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही उपस्थित लोगों का कहना था कि आरोपितों ने पुरानी रंजिश के चलते सुनियोजित तरीके से कराडा पर हमला किया जिसके बाद भी अभी तक आरोपितों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई व कराडा द्वारा आरोपितों के विरुद्ध पुलिस को दिए गए आवेदनों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन में आरोपितों के विरुद्ध रासुका लगाने की भी मांग की गई। आंदोलन में मध्य प्रदेश शासन के देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष रघुवीर सिंह गुर्जर, गुर्जर स्वाभिमान के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र गुर्जर, करणी सेना परिवार के संघठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह झाला, विधायक महेश परमार, वीर सिंह राणा, करण कुमारिया, बीनू कुशवाह सहित कांग्रेस व भाजपा के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व सभी समाज के समाजजन उपस्थित रहे